**खबर संक्षेप**

## वन परिक्षेत्र टिकरिया में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह का आयोजन



**मण्डला।** जिले के पश्चिम सामान्य वन मण्डल मण्डला द्वारा वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दिनांक 3 अक्टूबर, 2024 को वन परीक्षेत्र टिकरिया अंतर्गत सीएम राइस स्कूल नारायणगंज में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें वन्य प्राणियों के संरक्षण के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई तदुपरांत क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। एवं विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वन मण्डलाधिकारी नित्यान्तम एल एवं उप वन मंडलाधिकारी श्रीराम सूत्रकार के निर्देशन में परीक्षेत्र अधिकारी टिकरिया मयंक उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मनोहर सिंहरौरे, पवन यादव, अभय त्रिपाठी, राज करण त्रिपाठी, वैसाखु धुर्वे, बबली मरकाम एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## लोन लेकर फरार हुआ आरोपी पकड़ाया

**मण्डला।** कोतवाली थाना अंतर्गत पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार रामनगर निवासी राकेश बरमैया द्वारा श्रीराम फायनेंस लिमिटेड से एक इनोवा वाहन 25 जून 2021 को फायनेंस कराया था फायनेंस के पश्चात ही उक्त वाहन राकेश बरमैया द्वारा अविधिक तरीके से किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय कर दिया था, जिसके बाद राकेश बरमैया से लोन समझौता की बात करने पर राकेश बरमैया द्वारा एक 3,50,000 का एक चैक समझौता के तौर पर दिया था, जो बैंक से अनादरित हो गया, कंपनी ने न्यायालय की शरण ली तथा 138 एन आई ए चैक बाउंसिंग का मामला राकेश बरमैया के विरूद्ध न्यायालय में दर्ज किया, जिसके बार न्यायालय ने अनेकों बार वारण्ट जारी किए, लेकिन राकेश बरमैया उपस्थिति दर्ज नही हो सकीं। पुनः एक बार फिर न्यायालय ने आरोपी की गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया। कोतवाली पुलिस ने उक्त आरोपी को 1 अक्टूबर को बिनैका तिराहा में घेराबंदी दबौच लिया गया। पुलिस ने उक्त आरोपी को न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया।

### श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति बड़ी खैरी में हो रहा भव्य आयोजन

# घट पूजा के साथ 51 शक्तिपीठ की स्थापना

*** 06 माह पूर्व से चल रही थी तैयारियाँ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





शारदेय नवरात्र के प्रथम दिवस कल घट स्थापना के साथ ही शक्ति की उपासना प्रारंभ हो गई नगर के प्रसिद्ध शक्ति पीठों में सुबह से ही जल चढ़ाने एवं पूजन करने वालों की भारी भीड़ नजर आई। सिंहवाहिनी मंदिर, राजराजेश्वरी मंदिर, शीतला मंदिर, खैरमाई मंदिर, माता महाकाली मंदिर, बूढ़ी माई मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में सुबह से जो श्रद्धालुओं की कतारें प्रारंभ हुईं वे दिनभर जारी रहीं।

विभिन्न सार्वजनिक समितियों के माध्यम से देवी प्रतिमाओं की स्थापना का क्रम भी दिनभर जारी रहा। ज्ञात हो कि शारदेय नवरात्रि में दुर्गोत्सव बहुत ही भव्य आयोजन होता है जिसकी तैयारियाँ काफी समय पूर्व ही प्रारंभ हो जाती है। विभिन्न पंडालों में आकर्षक झांकियाँ सजाई गई है जिन्हें देखने नवरात्र के प्रथम दिन से ही श्रद्धालुओं की उत्सुकता नजर आ रही है।

### भव्य आयोजन होने वाला है बड़ी खैरी का दुर्गोत्सव

श्री सिद्ध सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति बड़ी खैरी मण्डला द्वारा इस वर्ष नवरात्र पर भव्य आयोजन किया जा रहा है। नवरात्र के नौ दिनों तक विविध कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई है। जिसका प्रारंभ नवरात्र के प्रथम दिवस से प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम बड़ी खैरी स्थित रामघाट नर्मदा तट पर समिति के पदाधिकारी एवं मातृशक्तियां पहुंची जहां पर मां नर्मदा की प्रतिमा का विधि-विधान से पूजन करते हुए घट पूजा की गई। और यहां से गाजे बाजे के साथ माँ नर्मदा को पंडाल तक लाया गया जहां पर देर रात तक पूजन पाठ के साथ 51 शक्तिपीठ की स्थापना हुई। कार्यकर्ता नीतेश पटेल ने बताया कि माँ दुर्गा के 53 वें स्थापना वर्ष को आकर्षक बनाने के लिए इस वर्ष श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति द्वारा अनेक भव्य आयोजन करती है। नवरात्र में प्रत्येक दिन अनेक प्रकार की धार्मिक कार्यक्रम होंगे, जो जनमानस के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगा। यहां नवरात्रि के प्रथम दिवस पर वैदिक मंत्रोचारण के बीच घटस्थापना कर देवी माता का आव्हान किया जाता है। इसके बाद नवरात्रि का पूजन व व्रत रखा जाता है मान्यता है कि शैलपुत्री की पूजा से चंद्र ग्रह से जुड़े नकरात्मक प्रभावों से मां रक्षा करती हैं चमेली का फूल देवी शैलपुत्री को काफी प्रिय है। देवी माता के शैलपुत्री रूप में उन्हें दो भुजाओं के साथ देखा जा सकता है उनके एक हाथ (दाहिने) में त्रिशूल होता है। वहीं दूसरे (बायें) हाथ में उन्हें कमल पुष्प के साथ देख सकते हैं। यहां पर झूला प्रदर्शनी सहित अनेक कलाकार आ चुकें हैं।





दुर्गोत्सव पर्व को लेकर प्रशासन भी मुस्तैद नजर आ रहा है पिछले दिनों पुलिस द्वारा दुर्गा समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठकर व्यवस्थाओं को लेकर चिंता की गई विशेष रूप से जिन पंडालों में गरबें का आयोजन होना है वहां की समितियों के साथ लगातार पुलिस प्रशासन चर्चारत है।

## विकास कार्यों को गति देने के लिए समन्वय जरूरी-संपतिया उइके



*** जिला पंचायत की संचार एवं संकर्म समिति की बैठक संपन्न।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला पंचायत सभाकक्ष में संचार एवं संकर्म समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश शासन की पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि शासन द्वारा विकास कार्य संचालित किए जा रहे हैं। जनप्रतिनिधि और अधिकारी सम्मिलित प्रयास करते हुए समय सीमा में पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए शासन कृत संकल्पित है। उन्होंने निर्देशित किया कि जिला पंचायत के सभी समितियों की नियमित रूप से बैठकें आयोजित करें तथा लिए गए निर्णय का गंभीरता से पालन करें। पीएचई मंत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों की स्वीकृति के पूर्व जनप्रतिनिधियों से भी सुझाव प्राप्त करें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम, निर्माण समिति के अध्यक्ष शैलेष मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांश कूमट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नवाचारों में सहभागी बनें

पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि जिला स्तर पर विभिन्न नवाचार किए जा रहे हैं, जिनमें हम सभी को सहभागी बनना चाहिए। 'अ' से अक्षर अभियान की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इसे आमजन का अभियान बनाएं, ताकि जिले में कोई भी व्यक्ति अक्षरज्ञान से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रयास करें कि कोई भी श्रमिक मस्टर रोल में अंगूठा न लगाए। उन्होंने कहा कि जिले में लगातार स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है सभी जनप्रतिनिधि लोगों को जानकारी उपलब्ध कराएं तथा अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाएं।

### जल संरक्षण अति आवश्यक

बैठक में चर्चा करते हुए पीएचई मंत्री ने कहा कि शासन द्वारा प्रत्येक गांव घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सामूहिक जल परियोजनाओं के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। श्रीमती उईके ने कहा कि जल की प्रत्येक बूंद का सदुपयोग करें, जल स्त्रोतों को संरक्षित करें। नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का प्रयास करें।

# गांधी जयंती पर हुआ ग्राम सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



ग्राम पंचायत खैरी जनपद पंचायत नारायणगंज जिला मण्डला के अंतर्गत शासन से प्राप्त एजेंडा एवं स्थाई एजेंडा को शामिल करते हुए दिनांक 02.10.2024 को ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पूजन अर्पण के बाद ग्राम पंचायत में साफ-सफाई स्वच्छता का अभियान चलाकर लोगों को साफ-सफाई हेतु प्रेरित किया गया एवं शपथ दिलाई गई साथ ही जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा के द्वारा लिया गया संकल्प में जिले को टीवी मुक्त किया जाना है इस हेतु इस परिकल्पना में ग्राम पंचायत खैरी के द्वारा आगामी 6 माह में ग्राम पंचायत को टीवी मुक्त किए जाने का संकल्प लिया गया एवं लोगों को शपथ दिलाई गई साथ ही एजेंडे अनुसार 15वां वित्त राज्य वित्त भवन कर साफ सफाई कर स्वच्छता निर्माण कार्यों की चर्चा किए गए से आय व्यय का अनुमोदन आगामी जीपीडीपी अनुसार लिए जाने कार्यों के अनुमोदनलिया गया एवं सभी ग्रामीणों को आभार व्यक्त करते हुए ग्राम सभा संपन्न की गई।

इस अवसर पर विशेष चर्चा में महात्मा गांधी जी के 1934/35 में ग्राम नारायणगंज ग्राम पंचायत खैरी के निवासी जगदीश हाथा ले के यहां पहुंचने पर उनके द्वारा अभिव्यक्ति व्यक्ति की गई जिससे सभी लोगों का अवगत कराया गया जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि महात्मा गांधी जी देश से ग्राम से भेदभाव मिटाने नारायणगंज खैरी पधारे हुए थे उनका एक मकसद था कि समाज से जाति भेदभाव को मिटाया जाए इसके लिए उन्होंने श्री जगदीश के मकान में रुककर इस पर कल्पना को पूरा किया था। जी आज समाज और गरम खैरी मैं देखने मिल रहा है।

# स्वच्छता पखवाड़ा के अंतिम दिन मेगा इवेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनी बंजर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 के आखिरी दिन मेगा इवेंट आयोजित किया गया जिसमें श्रीमती मीना हरदहा नगर परिषद अध्यक्ष बम्हनी बंजर मुख्य अतिथि के रूप में एवं भरत यादव जन भागीदारी अध्यक्ष बम्हनी बंजर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। अन्य अतिथियों में जन भागीदारी सदस्य सुश्री दिशा पटेल एवं पार्षद श्रीमती सुमित्रा देवी एवं नगर महामंत्री भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार जायसवाल ने किया। माँ सरस्वती, स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी की प्रतिमाओं में दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जूली परते, मुस्कान चक्रवर्ती, एवं साथियों के द्वारा सरस्वती वंदना के पश्चात स्वागत गीत गायन किया गया। छात्र शिवा बरकड़े एवं सौरभ पडवार ने सुंदर कविता पाठन प्रस्तुत किये। तत्पश्चात हर्ष पटेल एवं साथियों के द्वारा नृत्य की प्रस्तुति की गई। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कुंती नंदा के द्वारा अत्यंत ही मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. के पी चंद्रौल ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार विगत 15 दिनों से सतत स्वच्छता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम संचालित किये जा रहे थे।

**अनियमित्ता** | **वित्तीय अनियमित्ताओं की गंभीर जांच की उठ रही मांग।**

# भ्रष्टाचार को लेकर चर्चाओं में डीईओ कार्यालय

*** 02 अधिकारियों की चल रही मनमानी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में इन दिनों भारी वित्तीय अनियमितता की जा रही है यहां पदस्थ दो सहायक संचालक जो विगत कई वर्षों से जिले मे इसी कार्यलय में 2 से 3 प्रमोशन लेकर डटे हुए हैं साथ ही स्थापना प्रभारी ये तीनों मिलकर जिला शिक्षा अधिकारी से सांठ गांठ कर भारी वित्तीय अनियमितता करने की विभागीय जन जन चर्चा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक शिक्षण संचालनालय से विगत 4 वर्षों से जो कार्यालय में बजट प्राप्त हुआ है उसे निर्धारित मद में खर्च न करके विभिन्न मदों में बिना भंडार क्रय नियम का पालन करते हुए अनावश्यक रूप से बजट की इति श्री की जा रही है। जिला पुस्तकालय का बजट जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया गया। इनके द्वारा फर्नीचर एवं अन्य सामग्री जिले से क्रय न करके एक निश्चित फर्म से कोटेशन प्राप्त कर गुडवत्ता हीन सामग्री क्रय की गयी है वर्तमान तक आधी सामग्री खराब भी हो चुकी है। सामग्री का मनमाने तरीके से भौतिक सत्यापन कराया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यलय में जो तार की फेंसिंग ओर गाड़ी पार्किंग का स्टैंड बना है। उसे रमसा के आउट सोर्स कर्मचारी और स्थापना प्रभारी ने मिलकर कराए है इसमे भारी राशि व्यय की गई। सूचना के अधिकार में जानकारी मांगी गई तो उन्हें नही दी गयी। यहाँ पदस्थ सहायक संचालक बहुत मनमानी करते नजर आ रहे है जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में समग्र शिक्षा अभियान सेकेंडरी एजुकेशन रमसा का कार्यालय संचालित है जिसका जिला परियोजना समन्वयक पदेंन जिला शिक्षा अधिकारी होते हैं उनके अंदर में एक एपीसी और एक एडीपीसी का पद स्वीकृत है जो कि वर्तमान में रिक्त है जिला शिक्षा अधिकारी बिना कलेक्टर के या राज्य कार्यालय के अनुमोदन के एडीपीसी का प्रभाव दो सहायक संचालकों में से एक सहायक संचालक को दिया है इस शाखा का शाखा प्रभारी भी अलग है लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ दोनों सहायक संचालक और स्थापना प्रभारी अनावश्यक रूप से समग्र शिक्षा अभियान सेकेंडरी एजुकेशन में होने वाली गतिविधि की फाइल पर अपना हक जमा कर गलत तरीके से फाइल चला रहे हैं तथा उच्च अधिकारियों को गुमराह कर जानकारी दे रहे हैं जबकि रमसा की शाखा प्रभारी को इसकी भनक तक नहीं है अगर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया जाए तो कई रहस्यमय जानकारी मिलेगी।

जिले में शिक्षा विभाग के साथ मॉडल स्कूल संचालित है जहाँ पर लोक शिक्षण संचालनालय से प्रतिवर्ष 8 से 9 लाख प्राप्त जिला शिक्षा अधिकारी के डीडीओ में बजट प्राप्त होता है इसमे ये दोनों अधिकारी और शाखा प्रभारी मिलकर प्राचार्य से साठ गांठ कर भारी वितीय अनियमितता की है ।मवई मॉडल के प्राचार्य कई दिन तक नही आते है जिनकी शिकायत वहाँ के शिक्षक, नेता, अधिकारी कर चुके है लेकिन अधिकारी साठ गांठ करके उनका वेतन निकाल देते है।

साथ ही समग्र शिक्षा अभियान सेकेंडरी एजुकेशन के अंतर्गत साथ बालिका छात्रावास संचालित है जिनमें लगभग 5 से 7 वर्षों से एक ही वार्डन काम कर रही है तत्कालीन कलेक्टर द्वारा इन्हें हटाने के निर्देश दिए गए थे तब इन अधिकारियों द्वारा खाना पूर्ति केलिए विज्ञापन जारी किया गया लेकिन आज तक इनको हटाने की कार्यवाही नहीं की गई।ओर हर माह निरीक्षण के नाम भारी नजराना लिया जा रहा है और बालिकाओं के हक मानकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इन अधिकारियो की आपस मे पैसे को लेकर खींचतान होने के कारण प्रत्येक छात्रावास से 2 से 3 लाख रूपये लेप्स हो गए। जबकि इनके चहेते आउट सोर्स कर्मचारी कुछ काम भी कर दिए थे। भारत सरकार द्वारा जिले में 10 पीएमश्री स्कूल खोले गए है जिसमे प्रारंभिक तौर पर प्रत्येक पी एम श्री स्कूल में 8 से 10 लाख का बजट आया है उनसे भी दवाब बनाकर राशि बसूली गयी है।

निजी विद्यालय भी जिला शिक्षा अधिकारी के आधीन है जिनमे इन्ही दोनों अधिकारी के द्वारा अपने कुछ खास प्राचार्य को लेकर मान्यता के लिए निरीक्षण किया जाता है और भारी रकम लेकर मान्यता दी जाती है।

जिला कलेक्टर से जनमांग कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, पीएमश्री स्कूल, मॉडल स्कूल, बालिका छात्रावास में जो बजट आया हैं उसकी जांच कराई जाए। दोषी पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जावे।

### लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें-कमिश्नर

मण्डला। संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टर्स से महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य स्तर व जिला स्तर के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें। साथ ही जानकारी अपडेट करें। बैठक में उन्होंने राजस्व महा अभियान, जिले में औद्योगिक प्रगति व विस्तार की गतिविधियां, आईटी पार्क, अतिशेष शिक्षकों की युक्तियुक्त करण, खाद की उपलब्धता, ग्रीष्म काल में पेयजल संकट, पुलिस बैंड, तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के कार्ययोजना पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश सुधीर सक्सेना ने किया वर्चुअल उद्घाटन



हरिभूमि न्यूजःमण्डला पुलिस लाइन मण्डला में दिशा लर्निंग सेंटर का शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पुलिस के पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना द्वारा बालाघाट जोन के सभी जिलों बालाघाट, मण्डला, डिंडौरी व 35वीं वाहिनी मण्डला में स्थापित दिशा लर्निंग सेंटर का वर्चुअल उद्घाटन किया। जिसमें आईजी श्री संजय कुमार और डीआईजी मुकेश श्रीवास्तव वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वर्चुअली उपस्थित रहें।

एसपी श्री रजत सकलेचा द्वारा जानकारी साझा करते हुए बताया कि पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पुलिस परिवार के बच्चों को पढ़ाई का अच्छा माहौल देने के उद्देश्य से पुलिस लाईन मण्डला व 35वीं वाहिनी व्दारा मण्डला में दिशा लर्निंग सेंटर बनाया गया है। लर्निंग सेंटर में स्टडी के साथ साथ लाइब्रेरी की भी अवधारणा हैं। यहां कंप्यूटर, प्रिंटर और पढ़ाई के लिए मूलभूत आवश्यकताओं के साथ-साथ काउंसलिंग की भी सुविधा है। जिससे बच्चों को पढ़ाई के लिए सुरक्षित और अच्छा माहौल पुलिस लाइन में ही मिल सके। दिशा लर्निंग सेंटर के शुरू होने से पुलिस लाइन के बच्चे उत्साहित हैं व विभिन्न प्रतियोगिता व शैक्षणिक परिक्षाओं में इसका लाभ ले रहें।

**वर्तमान में मण्डला में 105 स्टूडेंट लर्निंग सेंटर का ले रहें हैं लाभ**

वर्तमान में करीब 105 बच्चे लर्निंग सेंटर की सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। जिसमें मण्डला पुलिस लाईन में 57 व 35वीं वाहिनी व्दारा में स्थित लर्निंग सेंटर में 48 स्टूडेंट शामिल हैं। वहीं दिशा लर्निंग सेंटर प्रदेश के जिलों में 63 स्थानों में पूर्व से ही संचालित हैं और 84 नए लर्निंग सेंटर खोले जा रहे हैं। जिनके माध्यम से प्रदेश के पुलिस परिवार के लगभग 5 हजार से भी अधिक की संख्या में पुलिस परिवार के बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं।

**न्यायालय प्रधान जिला न्यायाधीश मण्डला जिला मण्डला (म.प्र.)**
(पीठासीन अधिकारी- एस.के. जोशी)
नियमित सिविल अपील प्रक. क्र.-02 /2022.
प्रोसेस क्रमांक- 1346/2024
नियत पेशी दिनांक 14.11.2024

पक्षकारगण- (1)- कमोद पिपरसानिया पिता देवी प्रसाद पिपरसानिया, उम्र करीब- 54 वर्ष, निवासी- ग्राम भुआ बिछिया थाना व तहसील- बिछिया, जिला- मण्डला, (म.प्र.) ।.........अपीलार्थी

(विरुद्ध)

(1)- श्रीमती सावित्री शर्मा पति स्व. सुनील शर्मा, उम्र करीब 48 वर्ष, (2)- कुमारी पायल शर्मा पिता स्व. सुनील शर्मा, उम्र करीब 21 वर्ष ( 3 ) - अभिनव शर्मा पिता स्व. सुनील शर्मा, उम्र करीब 19 वर्ष, सभी निवासी ग्राम भुआ बिछिया, थाना व तहसील- बिछिया, जिला- मण्डला, (म.प्र.) ।
(4)- मध्यप्रदेश शासन द्वारा कलेक्टर, मण्डला, जिला-मण्डला. (म.प्र.) ।.......उत्तरवादीगण

**आम इश्तहार (उपस्थिति हेतु समंस)**

प्रेषिति :-
(1)- श्रीमती सावित्री शर्मा पति स्व. सुनील शर्मा, उम्र करीब 48 वर्ष, (2)- कुमारी पायल शर्मा पिता स्व. सुनील शर्मा, उम्र करीब 21 वर्ष (3) अभिनव शर्मा पिता स्व. सुनील शर्मा, उम्र करीब 19 वर्ष, सभी निवासी ग्राम भुआ बिछिया, थाना व तहसील- बिछिया, जिला- मण्डला (म.प्र.) ।

इस न्यायालय के समक्ष उक्त अपीलार्थी कमोद पिपरसानिया द्वारा (मूल व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक- 88अ / 2012 पक्षकार सुनिल शर्मा व अन्य विरूद्ध कमोद पिपरसानिया व अन्य में पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 07.12.2021 से व्यथित होकर) अंतर्गत आदेश 41 नियम-01 सहपठित धारा 96 के तहत नियमित व्यवहार अपील प्रस्तुत की गई है। जिसमें आप प्रेषिति उत्तरवादी क्रमांक-1 से 3 की उपस्थिति हेतु न्यायालय द्वारा साधारण एवं रजिस्टेड डॉक के माध्यम से अनेकों वार सूचना-पत्र प्रेषित की जा चुकी है किन्तु आप सभी प्रेषिति उत्तरवादी क्रमांक-1 से 3 को प्रेषित नोटिस / सूचना पत्र की तामीली सुनिश्चित नहीं हो पाई हैं, जिससे आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण की सुनवाई में विलंब हो रही है। उपरोक्त नियमित अपील प्रकरण दिनांक- 14.11.2024 को इस न्यायालय में सुनवाई हेतु नियत है, उक्त अपील में आपको उत्तरवादी बनाया गया है, अपील प्रकरण में आपकी ओर से कोई भी उपस्थित नही हुआ हैं, इस हेतु यह आम इश्तहार समाचार-पत्र में आपको न्यायालय में उपस्थित होने हेतु समंस किया जा रहा है, नियत पेशी दिनांक- 14.11.2024 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक, प्रतिनिधि के माध्यम से जिन्हें प्रकरण की संपूर्ण जानकारी हो, के माध्यम से मय दस्तावेजों के उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें, अथवा अपने पक्ष रखें। यदि किन्हीं कारणों से उक्त नियत पेशी दिनांक- 14. 11. 2024 को अवकाश घोषित हो जाता है, तो अगले न्यायालयान कार्य दिवस को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा प्रेषितिगण की अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अगामी कार्यवाही हेतु यह न्यायालय अग्रसर हो जावेगी।

आज दिनांक-26.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी ।

सील

(एस. के. जोशी)
प्रधान जिला न्यायाधीश
मण्डला, जिला- मण्डला (म.प्र.)

**खबर संक्षेप**

### नगर पालिका की टीम द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन जब्त करते हुये की गई कार्यवाही



**गाडरवारा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मगर दूसरी देखा जा रहा है दुकानदारों द्वारा शासन के आदेशों की अव्हेल्ना करते हुये प्रतिबंधित सिंगल यूज पन्नी का उपयोग किया जा रहा है उसके खिलाफ स्थानीय नगर पालिका प्रशासन द्वारा सख्ती दिखाना शुरू कर दिया गया है। बताया जाता है कि जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में नगरीय निकाय गाडरवारा की टीम ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक विक्रय करने वालों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जा रहा है। बीते हुये गुरूवार को नगर पालिका गाडरवारा की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए अमानक प्लास्टिक जब्त कर सप्लायर्स के खिलाफ कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार नगर के मन्नत कॉम्पलेक्स में प्रो. अनिल मंगलानी द्वारा अवैध प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री विक्रय किया जा रहा था। इस दौरान 70 हजार डिस्पोजल ग्लास व कटोरिया तथा 4 क्विंटल पॉलीथिन मौके पर पाई गई जिसको नपा टीम द्वारा जप्त किया गया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख, जयंत ब्राऊन चिंटू भैया, प्रमोद चौहान, संजय सेन और नगर पालिका का अमला मौजूद था।

### कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने क्षेत्र की जनता से की मुलाकात करते हुये उनकी समस्याओं का किया निराकरण

**गाडरवारा।** क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने बीते हुये दिवस लक्ष्मी टाउन स्थित सेवा सदन कार्यालय में क्षेत्र की जनता से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनी। बताया जाता है कि इस दौरान विधायक कार्यालय सेवा सदन में क्षेत्र के सैकड़ो नागरिकों द्वारा दिए गए आवेदनो को संज्ञान में लेते हुए मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने उनका तुरंत निराकरण कराया एवं कुछ लोगों को आश्वासन दिया की उनके द्वारा जो मांग की गई है उनका शीघ्र हल कराया जाएगा। उपस्थित जनप्रतिनिधियों से विकास कार्यों के संदर्भ में चर्चा की गई। वही कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि विकास कार्यों में कोई कोताही नहीं की जाएगी। पूरी विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्र की जनता के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस मौके पर गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों एवं शहर से आए हुए नागरिक व भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आम नागरिकों से मुलाकात के बाद मंत्री राव उदय प्रताप सिंह सिंह ने ग्रामीण अंचलों का द्वारा कर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात शोकाकुल परिवारों में शोक संवेदनाएं देने पहुंचे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक भाजपा प्रदेश कार्य समिति मिनेन्द्र डागा, पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया, जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर योगेश कौरव, घनश्याम राजपूत, शैलेंद्र जैन ,भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष जैन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन , पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहरकांत गुर्जर , हर्ष पाठक, आशीष राजपूत , पार्षद आनंद दुबे, सुरेंद्र गुर्जर, चंद्रकांत शर्मा, कमल खटीक, रीतेश राय , चंचल कोरी, शुभम राजपूत लवली खनूजा, राजेश मोहन शर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, गजेंद्र राडवे ,सतीश कौरव, मंगल जाटव, सहित भाजपा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**लगातार बेरूखी के चलते खंडहर हो रहे पुराने कालेज भवन में लगाई जा सकती है कालेज की कुछ कक्षाएं, छात्र छात्रों को मिल सकती है राहत**

## जर्जर हो रहे पुराने कालेज भवन में चुभने लगी वीरानगी, शासन की बहुपयोगी संपत्ति होने के बावजूद भी प्रशासन द्वारा नहीं दिया जा रहा ध्यान

**गाडरवारा।** जहां एक ओर देखा जा रहा है कि शासन द्वारा पैसा खर्च करते हुए नगर में जहां तहां अनेक भवनों का निर्माण किया कराते हुए लोगों को उन भवनों को नगरवासियों की जरूरत बताया जा रहा है। वही दूसरी ओर मंगल भवनों के साथ साथ सामूहिक भवनों का भी निर्माण होते हुये भी देखा जा रहा है। मगर हैरत की बात यह है कि शासन की धन राशि से बने हुए पुराने भवनों की स्थिति इस प्रकार से होती जा रही है जहां पर प्रतिदिन जहां शराबियों की महफिले तो जमती ही है तो दूसरी ओर उन्ही भवन में लोगों द्वारा तोड़ फोड़ करते हुए हुए उसकी सामग्री भी गायब किये जाने में भी कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। इस प्रकार से दुर्दशा का शिकार हो रहे नगर के शासकीय भवनों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक इस प्रकार के शासकीय भवन पड़े हुए है जो उपयोगी होने के बाद भी प्रशासन तथा जिम्मेदार संस्थाओं की अनदेखी के चलते वह खंडहर होने के साथ साथ उनमें लगी हुई कीमती सामग्री गायब होने से नही बच पा रही है। जिसका जीता जागता हुआ उदाहरण नगर के पुराने कालेज भवन को देखकर स्पष्ट होने से नही चूक रहा है? बताया जाता है कि इस शासकीय भवन को लेकर अतीत इस बात का साक्षी है कि कभी ऐसा भी दौरा था कि शहर में उच्चशिक्षा के लिए कालेज नहीं था। तब नगर के समाज सेवियो के अथक प्रयासों से वर्ष वर्ष 1972-73 में नगर पालिका एवं उस समय रहे यानि की तत्कालीन मुख्य मंत्री रहे प्रकाश चंद सेठी द्वारा विज्ञान के नाम से भवन प्रदान करते हुए महाविद्यालय प्रारंभ किया गया था, जिसमें शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र, छात्राएं आज प्रदेश व देश में ही नही बल्कि देश विदेश में इस शहर का नाम रोशन कर रहे है। गौरतलब है कि वर्षो तक प्रायवेट रूप से संचालित होने वाला यह भवन बाद में शासन के अधीन हो गया था और इस भवन में महाविद्यालय के रूप में कई वर्षो तक छात्र छात्राओं ने शिक्षा ग्रहण की गई थी। मगर बाद में शहर के वायपास मार्ग यानि की गाडरवारा से कौड़िया की ओर जाने वाले मार्ग पर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का विशाल भवन निर्मित होने के बाद महाविद्यालय का कार्य उसे भवन में संचालित होने लगा जिसके कारण इस पुराने कालेज भवन के सितारे गार्दिश में आ गए और इसका उपयोग न होने की स्थिति में यह भवन लगातार जर्जर होने लगा है, जिसकी चिंता करते हुए इस भवन में कुछ हद तक सुधार कराते हुए यहां पर एक चौकीदार को जरूर रखवा दिया गया था, जिसने कुछ दिनों तक इस भवन की देख रेख जरूर की गई थी मगर यह भवन फिर बदहाली का शिकार होने लगा है? यदि आज की स्थिति में इस भवन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर के मध्य बने इस इस भवन को पुराने कालेज के नाम से पहचाने जाने वाले इस शासकीय भवन की कीमत करोड़ो रूपया में होगी? मगर शासन द्वारा इस पुराने कालेज भवन को लगातार उपेक्षित किये जाने का परिणाम यह देखा जा रहा कि यहां पर रोज रात को जहां यहां पर सुराप्रेमी युवाओं ने इसके बेनूर कमरों में शराब खोरी शुरू कर दी। वही इस भवन की सुरक्षा के लिये बनाया गया तार का सुरक्षा घेरा तोड़ डालने के साथ साथ इस भवन में लगे हुए किबाड़ व खिडकी भी लगातार गायब होते हुए दिखाई दे रहे है? इस तरह वर्षो से खाली पड़े हुये पुराने कालेज भवन का उपयोग करते हुये इसमें यदि कालेज की शुरूआत होते ही कुछ क्लाशे लगाने की शुरूआत की जावे तो जहां छात्र छात्राओं के लिये राहत मिल सकती है। वही दूसरी ओर लगातार खंडहर की स्थिति में पहुंच रहे इस भवन को भी बचाया जा सकता है तथा खोई हुई रौनक फिर लौट सकती है। मगर धन्य है यहां प्रशासनिक अधिकारियों की लीला जो करोड़ो की लागत वाले इस पुराने कालेज भवन की ओर ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके चलते इस पुराने कालेज भवन की दुर्दशा पर ध्यान न देने का नतीजा है कि पुराना कालेज भवन रौनक विहीन होने के साथ साथ खड़हर तब्दील होता चला जा रहा है? यदि इस भवन की बदहाली पर गौर किया जावे तो इस शासकीय भवन के कमरों में रख रखाव की उचित व्यवस्था न होने से उनके दरबाजे टूट रहे है तथा पूर्णरूप से एक सन्नाटे के दामन में लिपटा हुआ नजर आने से नही चूक पा रहा है।





## शारदेय नवरात्र पर्व शुरू होने से शहर हुआ धर्ममय, घरों में भक्तों ने शुरू की माँ जगत जननी की पूजा अर्चना





**गाडरवारा।** अश्विन मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा गत गुरूवार को शारदेय नवरात्र पर्व की शुरूआत होने से शहर व ग्रामीण क्षेत्र धर्ममय हो उठे है, जिसके चलते देखा जा रहा है कि सुबह से ही देवी मंदिरों में मातारानी को जल ढारने जाने वाली माताओं, बहिनों पुरूषों के साथ साथ युवाओं की जहां मंदिरों पर भीड़ उमड़ते हुए देखी जा रही है। वही दूसरी ओर हिन्दू धर्मावलंबी अनेक युवाओं ने नशे का परि त्याग कर और नवरात्र पर्व पर जूता, चप्पल न पहनने का संकल्प लेकर मातारानी की आराधना में अपनी धार्मिक आस्था का परिचय देते हुये देखे जा रहे है। वही देखा गया कि कल देवी स्थापना के दिवस पर नगर में दोपहर के वक्त जिन जगहों पर मूर्ति स्थापना के लिये निर्धारित करते हुये सुन्दर पंडाल तैयार किये गये है उन समितियों के लोगों द्वारा मूर्तिकारों के ठिकानों से शहर और गांवों की दुर्गोत्सव समितियों द्वारा माँ जगदम्बे की प्रतिमाएं ले जाने का सिलसिला चलने से मातारानी का जयघोष समूचे शहर में गूंजता रहा। इस प्रकार से नवरात्र पर्व की शुभारंभ बेला में लोगों ने अपने घरों में व्रत रखते हुए श्रद्वा पूर्वक माँ भगवती के शैलपुत्री रूप की पूजा, अर्चना करते हुए आरती कर मातारानी का आशीष प्राप्त किया। वही दूसरी ओर लगातार 9 दिनों तक चलने वाले माता रानी के इस महान पर्व को लेकर लोगों ने कन्या भोज के चलते प्रथम दिवस देवी स्वरूपा कन्याओं के पैर धुलाते हुये उन्हें कन्या भोज कराया गया। इस प्रकार से नगर में शाम ढ़ालने के उपरांत घट स्थापना की साथ नगर के अनेक स्थानों पर मातारानी के घट स्थापित करने के बाद मातारानी की गंगाजल, सुपारी, रोरी, चंदन, पुष्प अर्पित कर पूजन करने के बाद मातारानी की जयकार की गई। वही बताया जाता है कि नगर के कुछ देवी मंदिरों में जवारे, ज्योति कलश स्थापित किये गये है। वही नवरात्र की व्यवस्थाएं बनाने के लिए नपा एवं पुलिस प्रशासन श्रद्वालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार कार्य कर रहा है जिसके श्रद्वालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियां का सामना न करना पड़े।

## अभियान अभिमन्यु के तहत एस आई मनीषा द्वारा स्कूली छात्राओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक



गाडरवारा

महिलाओं एवं बालिकाओं के विरूद्ध हो रहे अपराधों एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम तथा सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य संपूर्ण प्रदेश में चलाए जा रहे अभियान "अभिमन्यु" का शुभारंभ बीते हुये दिवस जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका ने जिला मुख्यालय से शुरू किया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है, समाज में लड़कों/पुरूषो को न सिर्फ महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करना है बल्कि इसके साथ-साथ उनको संवेदनशील बनाकर रूढिवादी मुक्त सकारात्मक व्यवहार विकसित करना है। इस हेत संपूर्ण प्रदेश में विशेष जागरूकता अभियान अभिमन्यु संचालित किया जा रहा है। इस तरह चलाए जा रहे विशेष अभियान ''अभिमन्यु'' के तहत विभिन्न स्थानों पर नुक्कड सभाओं के माध्यम से महिला संबंधी अपराधों से संबंधित तथ्य जैसे नशा, दहेज, रूढ़िवादिता, अश्लीलता, असंवेदन शीलता, भ्रूण हत्या, अशिक्षा, लिंगभेद इत्यादि लिखा हुआ पंपलेट वितरित कर महिला संबंधी अपराधों के प्रति लोगों तथा छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है साथ ही पुलिस की टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अभिमन्यु अभियान के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस तरह अभियान के पहले दिवस जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के नेतृत्व में नगर के पुलिस थाने की महिला अधिकारी एस आई मनीषा ल्लिहरे द्वारा अपनी टीम में शामिल आरक्षक दिनेश पटैल के आलवा महिला आरक्षक साधना कुशवाहा, साधना साहू, मोनिका दुबे, गिनी तिवारी के साथ मिलकर नगर की पानी टंकी के पास सब्जी बाजार में भारी भीड़ के बीच कन्या शाला की छात्राओं के माध्यम से नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देते हुये लोगों को घटित हो रहे अनेक प्रकार के अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। विशेष तौर से महिलाओं के साथ घटित होने वाली घटनाओं के संबंध में स्कूली छात्राओं के आलवा मौजूद महिलाओं को कानून मदद लेने के प्रति जारूक किया गया।

## ग्रामीणों द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ अर्ध नग्न होकर किया विरोध प्रदर्शन, किसान सभा ने किया समर्थन

**चीचली।** जहां एक ओर सरकारों द्वारा लगातार बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की बात कही जाती है। मगर सरकार के तंत्र में बैठे हुये ही अधिकारी किस तरह से भ्रष्टाचार की अमरबेल को बढ़ावा दे रहे है इसकी सच्चाई सरकारी कार्यालयों से लेकर पंचायतों में आसानी से देखने मिल सकती है। यदि शासकीय कार्यालयों की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो गाडरवारा राजस्व विभाग में बह रही भ्रष्टाचार की गंगा का परिणाम है कि 6 माह के अंदर लोकायुक्त टीम द्वारा दो पटवारियों को रंगे हाथों पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। वही दूसरी ओर पंचायतों में फैल रही भ्रष्टाचार की अमर बेल का हाल तो यह बना हुआ है कि जिन पंचायतों में महिला सरपंच निर्वाचित हुई है वहां पर उनकी पतिदेवों को कुर्सी संभालते हुये इस भ्रष्टाचार की नदियों में डुबकी लगानू में पीछे नही है। कुछ इसी तरह की चर्चाये जनपद पंचायत चीचली क्षेत्र में लगातार सुनाई देने से नही चूक रही है। जानकारी के अनुसार समीपस्थ चीचली जनपद अंतर्गत मोहपानी ग्राम पंचायत में देखने मिल रही है। जिसके चलते ग्रामवासियों द्वारा यहां पर हो रही भ्रष्टाचार की शिकायते बडे अधिकारियों से किये जाने के बाद भी किसी तरह की कार्यवाही न होने के चलते अब वहां के ग्रामीणों को अनोखा प्रदर्शन करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार ग्राम मोहपानी में फैल रहे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच की मांग को लेकर ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। इस तरह तीन दिनों से लगातार चल रहे इस धरने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने बीते हुये दिवस अर्धनग्न प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्यमंत्री, जनपद सीईओ, एसडीएम, कलेक्टर, और जिला सीईओ को कई बार पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के बारे में सूचित किया जा चुका है। लेकिन उनकी शिकायतों को नजरअंदाज किया गया।




इससे नाराज होकर ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। इसी के चलते गुरूवार को ग्रामीणों के प्रदर्शन में मध्य प्रदेश किसान सभा के तहसील उपाध्यक्ष लीलाधर वर्मा और भैरो प्रसाद विश्वकर्मा ने भी पहुंचकर अपना समर्थन दिया। किसान सभा ने प्रशासन से तुरंत भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। वर्मा ने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो किसान सभा ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी। इसके अलावा अन्य ग्राम पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार की भी जांच की मांग की गई है। ग्राम वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे चक्का जाम, पुतला दहन और भूख हड़ताल करने को मजबूर होंगे। इस स्थिति की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। धरने में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे, जिनमें सुदामा ठाकुर, गोपाल मेहरा, अभिषेक, पवन सोनू, विशाल जयंत राजपूत, हरदयाल, मथुरा विश्वकर्मा, कमलेश भारिया सहित अनेक महिलाएं भी शामिल थीं। अनिश्चितकालीन धरना अभी भी जारी है, और ग्रामीण अपने हक की लड़ाई में डटे हुए हैं।

## दिल्ली पब्लिक इंटर नेशनल स्कूल द्वारा नवरात्र पर्व के साथ देश के महापुरूषों को किया याद

**गाडरवारा।** बच्चों को शिक्षा के साथ साथ अन्य जानकारियाँ होना भी जुरूरी मानते हुये नगर के दिल्ली पब्लिक इंटन नेशनल स्कूल द्वारा आये दिन इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते हुये बच्चों को अपने जीवन से जुडी हुई जानकारिया प्रदान करने में पीछे नही रहता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये नगर के दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल नवरात्र पर्व के साथ महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर अनेक प्रकार के कार्याक्रम प्रस्तुत किये गये। इस कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। वही बच्चों द्वारा नवरात्री, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर आधारित विभिन्न नाटक एवं श्लोक, नृत्यों के साथ मां भवानी के प्रिय पर्व नवरात्र के महत्व से अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल द्वारा बच्चों को भारतीय संस्कार एवं संस्कृति की शिक्षा के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित करता है। इस कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था की चेयरमैन श्रीमती राखी राजपूत,डायरेक्टर ठा. प्रशांत सिंह राजपूत व प्राचार्या श्रीमती कल्पना पटेल के आलवा कोऑर्डिनेटर श्रीमती प्रियंका छीपा द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुये कार्यक्रम की शुरूआत की गई।



## जिला स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता हुआ आयोजन, नगर पालिका अध्यक्ष सहित एसडीएम व जिला शिक्षा अधिकारी रहे मौजूद

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में जिला स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता अंडर 14 वर्ष तथा 17 एवं 19 वर्ष बालक वर्ग का आयोजन स्थानीय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के शुभारंभ मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने अपने उदबोधन में कहा कि कबड्डी हमारे देश का पारंपरिक खेल है। प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सभापति आनंद दुबे, सुरेंद्र गुर्जर, शुभम राजपूत श्रीमती पूजा तिवारी , चंद्रकांत शर्मा पार्षद, एस एन मिश्रा, योगेश शर्मा, प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटेल ,आरती पाठक, एस के मिश्रा ,सुशील शर्मा आदि उपस्थित रहे। वही आयोजित हुई इस प्रतियोगिता के दौरान एसडीएम श्रीमती कलावती ब्यारे ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया एवं उनसे परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत मे प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ए के ब्यौहार, रमसा एडीपीसी दीपक अग्निहोत्री, बीईओ प्रतुल इंदुरख्या,प्राचार्य जय मोहन शर्मा ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता के 19 आयु वर्ग में चीचली ब्लॉक विजेता रहा तो करेली उपविजेता बना। इसी प्रकार से 17 आयु वर्ग में साईंखेड़ा ब्लॉक विजेता तथा करेली उपविजेता एवं 14 आयु वर्ग में गोटेगांव ब्लॉक विजेता एवं चीचली उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के संपूर्ण संचालन में पीटीआई अनुज जैन, मुकेश पटेल ,विक्रम शर्मा, अजय सोनी, परेश शर्मा, देवेंद्र रजक, संदीप कौरव, के एस झारिया, रोहित वाल्मीकि ,आरिज खान का सहयोग रहा। निर्णायक भूमिका में राहुल रंजन जैन, रंजन दुबे, उमाशंकर राजपूत ,गणेश यादव, इमाम खान ने अपना सहयोग प्रदान किया।





## पूर्व विधायक श्रीमति पटैल की मौजदूगी में कांग्रेस द्वारा गांधी जी को याद करते हुये अर्पित किये श्रद्वासुमन

**गाडरवारा।** हर साल 2 अक्टूबर को भारत वर्ष गांधी जी की जयंती मनाता है। इसी प्रकार से कल 2 अक्टूबर बुधवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा स्थानीय पुरानी गल्ला मण्डी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की जयंति कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी के तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुये उन्हे उपस्थित कांग्रेसजनों ने श्रद्धा के फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक सुनीता पटैल ने कहा कि देश को आजादी राष्ट्रपिता गांधी जी की ही देन है, अहिंसा का मार्ग प्रशस्त करने वाले कांग्रेस के महान नेता गांधीजी को शत शत नमन करती हूं और उनके दिखाये मार्ग पर चलना ही देश की उन्नती है। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक काबरा, अनिल साहू, रमेश अग्रवाल, बसंत तपा, केजी आजाद, सतीश सैनी ने भी संबोधित करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित कीं। वही कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उमाकांत गुप्ता, मेहमूद पहलवान, अशोक मंगलानी, अनिल सोनी, राजीव दुबे, अभिषेक पटैल, सुदीप दुबे, हंसू राय, मुकेश सोनी, आयुष जैन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता जायसवाल के आलवा अन्य कांग्रेसजन मौजूद थें।



NOVEL INSTITUTE OF PHARMACY
NOVEL INSTITUTE OF PHARMACY BHOPAL
Affilated by RGPV Bhopal, Aprroved by PCI New Delhi
Minimum fees
100% Scholarship
LIMITED SEAT'S
LIMITED SEAT'S
COURSE'S OFFERED
B. Pharmacy (4 year)
D. Pharmacy (2 year)
ADMISSION OPEN FOR ALL SCIENCE AND MATH STUDENT
1.Good Infrastructures
2.Highly educated Faculty
3.100% Placement.
MORE INFORMATION CALL NOW
NOVEL INSTITUTE OF PHARMACY BHOPAL
CITY OFFICE, SHOP 217 C SAGAR HIGH STREET, AYODHYA BAYPASS BHOPAL,462041
+91 8959487807,+91 9981932585, +919893392221

## खबर संक्षेप

### मेरी पालिसी मेरे हाथ कार्यक्रम का शुभारंभ

डिंडौरी, किसानों की फसलों से जुड़े विभिन्न प्रकार के जोखिम तथा विपरीत मौसम की वजह से फसलों के होने वाले नुकसान की भरपाई के लिये प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कृषकों द्वारा सीजन खरीफ में अपनी फसलों का बीमा कराया गया है। जिसके तहत मेरी पालिसी मेरे हाथ कार्यक्रम का शुभारम्भ जिले के विकासखण्ड डिण्डौरी से चयनित कृषक श्री उमेश मांगरे, श्री लामू यादव ग्राम भलखोहा विकासखण्ड करंजिया, श्री दादू लाल. श्री रतिराम साहू ग्राम कठोतिया विकासखण्ड मेंहदवानी को फसल बीमा पालिसी वितरित कर किया गया। उक्त कार्यक्रम 1 अक्टूबर 2024 से 31 अक्टूबर 2024 तक फसल बीमा पालिसी गांव गांव जाकर वितरित की जावेगी। आयोजित कार्यक्रम में किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी ६ कर्मचारी श्री हरिशरण अठ्या, श्री रामा सिह उइके तथा एग्रीकल्बर इन्सुरेश कम्पनी के जिला एवं ब्लॉक प्रतिनिधी उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों के द्वारा किया गया अतिक्रमण



शहपुरा । डिंडोरी जिला के शहपुरा क्षेत्र ग्राम बिलगांव के ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमणकारियों के द्वारा सड़क पर और अपनी दुकान के सामने सेड बनवाकर कब्जे करने का काम किया गया है जिसमें ग्राम वासियों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है आने जाने वाले वाहनों को भी काफी दिक्कत होती है इसको लेकर के कई बार ग्रामीणों के द्वारा उन्हें बोला गया लेकिन उनके द्वारा अभी तक नही हटाई गई। इस समस्या को लेकर बाद अब ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन तहसीलदार को दिया तहसीलदार के द्वारा इस मामले को लेकर जांच कराते हुए कार्यवाही करने की बात कही है। ज्ञापन में उल्लेख है कि बिलगाँव माल के पुलिया के पास बनवासी मोहल्ला में भी एक रास्ता है जो वहां के रहवासियों के द्वारा सड़क पर ही 6 महीने से सामान रखकर आवागमन को बाधित करने का काम कर रहे हैं इसे भी तत्काल हटाने को लेकर के तहसीलदार महोदय से लिखित आवेदन किए हैं।

### स्वास्थ्य शिविर में निशुल्क सेवाएं प्रदान की



डिंडोरी। जिला के शहपुरा नगर में विद्यार्थी मित्र फाउंडेशन की टीम सराहनीय पहल कर रही है। जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल बरगांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर दिन बुधवार को लगा जिसमें विद्यार्थी मित्र फाउंडेशन टीम के द्वारा स्वास्थ्य महा शिविर पर सहयोग प्रदान करते हुए भोजन व्यवस्था व सफाई व्यवस्था का जिम्मा बखूबी से निभाया और हर बार ऐसे सराहनीय कार्य करता आया है टीम के द्वारा यह भी बताया गया कि अभी और आगे फाउंडेशन के द्वारा बच्चों के लिए पीएससी जैसे कंपटीशन एग्जाम के लिए निशुल्क कोचिंग की भी व्यवस्था की तैयारी चल रही है जो जल्द ही विद्यार्थी मित्र फाउंडेशन के द्वारा शुरू की जाएगी।

### शांति समिति की बैठक संपन्न



डिंडौरी। पुलिस चैकी अमरपुर में वाहिनी सिंह पुलिस अधीक्षक एवं जगन्नाथ मरकाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशासार पुलिस चैकी अमरपुर में चैकी प्रभारी अतुल हरदहा द्वारा आयोजित की गई। आयोजित शांति समिति बैठक में पंकज नयन तिवारी नायब तहसीलदार अमरपुर द्वारा जानकारी दी गई कि डीजे पूर्णतः बंद हैं, मूर्ति अमानक एवं ज्यादा ऊंची न रखी जाएं, शांतिपूर्वक उत्सव मनाते हुए निर्धारित स्थान पर एक ही दिन विसर्जन किया जाएं, स्पीकर भी अधिक आवाज में ना बजाएं जाएं। सड़क के दोनों तरफ लगने वाली दुकानों को सड़क से दूरी पर लगाया जावे जिससे जाम की स्थिति या कोई दुर्घटना न होने पाएं। आयोजित शांति समिति बैठक में प्रमुख रूप से हन्नू सिंह पट्टा अध्यक्ष जनपद पंचायत अमरपुर, रामनाथ उद्दे स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच, महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर, नारायण सिंह ठाकुर, तुलसी राम परस्ते ग्राम पटेल, युसूफ खान, गुलाब सिंह ठाकुर, माखन साहू, बलराम राजपूत पत्रकार, रामकृष्ण यादव, साहब लाल पुषाम, राजेश कछवाहा, राम कुमार राव, आलोक बर्मन, प्रतीक बर्मन, दिलीप रघुवंशी, सत्यम राव, रितेश उसराठे, सागर चैकसे, शिवम वनवासी, सोम कांत राव, राखी कछवाहा अध्यक्ष स्वशक्ति महिला मंडल दुर्गा समिति खेरमाई चैकसहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी



नगरीय विकास एवं आवास विभाग राज्यमंत्री व जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन की योजनाओं और विभागीय कार्य की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। उक्त बैठक में डिंडौरी विधायक श्री ओमकार मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अवधराज बिलैया, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, सांसद प्रतिनिधि श्री नरेन्द्र राजपूत, कलेक्टर श्री हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, डीएफओ श्री हरिओम, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जगन्नाथ मरकाम, एसडीएम डिंडौरी श्री रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी, जनप्रनिधि एवं विभागीय अधिकारी जिला उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, जल संसाधन विभाग विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राष्ट्रीय राजमार्ग लो.नि.वि., लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नर्मदा घाटी विकास विभाग, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विस्तार, नगर परिषद डिंडौरी, राजस्व मामले और म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यां की विस्तृत समीक्षा की। प्रभारी मंत्री ने म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण अंतर्गत परियोजना क्रियान्वयन ईकाई के सड़क निर्माण, पुल निर्माण कार्यां की जानकारी ली। बताया गया कि उक्त योजनाओं की 2022-23 की भौतिक प्रगति में सड़क निर्माण का 107 प्रतिशत और पुल निर्माण का 100 प्रतिशत है। प्रभारी मंत्री श्रीमती बागरी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 में किये गए नवीनीकरण कार्य लक्ष्य एवं उपलब्धि की समीक्षा की। उन्होंने इसी प्रकार से लोक निर्माण विभाग अंतर्गत जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उच्च शिक्षा और समग्र शिक्षा विभाग एवं जेल विभाग में कार्यों, प्रगतिरत कार्यों और अप्रारंभ कार्यां की संख्या के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि इन सभी विभागों में कुल 23 प्रगतिरत कार्य हैं, जो सभी प्रगतिरत हैं। प्रभारी मंत्री श्रीमती बागरी ने उक्त सभी कार्यों को गुणवत्तापूवर्क समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जल संसाधन विभाग के कार्यों की जानकारी ली और विकासखण्डवार परियोजनाओं की लागत, रूपांकित सिंचाई क्षमता एवं जीवित जल भराव क्षमता के आंकड़ों की समीक्षा की। उन्होंने निर्माणाधीन वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई परियोजना के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग एवं जल निगम मर्यादित द्वारा आच्छादित ग्रामों की सूची का मुआयना किया। जिले के सभी विकासखण्डों में कुल 904 ग्रामों में एकल योजना में कुल स्वीकृत 454 ग्रामों में 304 प्रगतिरत हैं और 150 ग्राम पूर्ण किये जा चुके हैं। साथ ही जल निगम (समूह योजना) में कुल स्वीकृत 893 ग्रामों में 450 सम्पूर्ण कार्य व 443 बल्क वॉटर हैं। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग लो.नि.वि. (एन.एच.ओ.) में राष्ट्रीय राजमार्ग 45 के कुण्डम-शहपुरा-डिंडौरी-सागरटोला कबीरचबूतरा खण्ड एवं राष्ट्रीय राजमार्ग 543 के मण्डला-डिंडौरी खण्ड के उन्नयन कार्य की परियोजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया। प्रभारी मंत्री श्रीमती बागरी ने राजमार्ग के निर्माण कार्य को निर्धारित समय अवधि में गुणवत्तापूर्वक पूरा करें। उन्होंने अपर नर्मदा परियोजना शोभापुर की लागत डूब प्रभावित व सिंचित भूमि एवं ग्रामों के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि उक्त परियोजना की लागत 1482.96 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इस हेतु डूब प्रभावित भूमि की मुआवजा राशि बढाकर दी जा रही है। इस परियोजना से डिंडौरी जिले से कुल 82 ग्रामों की 27550 हेक्टेयर भूमि व अनूपपुर जिले के 37 ग्रामों की 18050 हेक्टेयर भूमि सिंचित की जाएगी। अपर नर्मदा परियोजना अंतर्गत पेयजल हेतु 19.81 एमसीएम जल आरक्षित रखा गया है। परियोजना के डीपीआर के अनुसार डिंडौरी जिले के 17 ग्रामों की कुल 1226.89 हेक्टेयर निजी भूमि एवं अनूपपुर जिले के 10 ग्रामों की 1210.82 हेक्टेयर निजी भूमि अर्जित की जानी है। इस परियोजना के लिए विशेष पैकेज के अंतर्गत एकमुश्त मुआवजा राशि 1250000 प्रति हेक्टेयर का प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना की विस्तार से समीक्षा की। विभाग द्वारा जानकारी में बताया गया कि प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के जिले में कुल 51.85 प्रतिशत आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। इसी प्रकार से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2016-17 से 2021-22 तक कुल 94.89 प्रतिशत आवास निर्माण कार्य पूर्ण है, वर्ष 2024-25 की जिले में कुल 80.87 प्रतिशत स्वीकृत आवास में 3192 आवासों की प्रथम किस्त जारी की जा चुकी है। प्रभारी मंत्री श्रीमती बागरी ने प्रधानमंत्री आवास एवं पीएम जनमन के तहत स्वीकृत आवास निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करें। उन्होंने इसके बाद पीएम जनमन योजना अंतर्गत सम्मलित विभागों के कार्य प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंन कहा कि इस अभियान का उद्देश्य पीवीटीजी परिवारों को व्यक्तिगत अधिकार और बुनियादी सुविधाओं से युक्त आवास उपलब्ध कराना है तथा जनजाति समुदायों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान, आदर्श ग्राम, वन अधिकार पट्टा वितरण, जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं, प्रसव की संख्या एवं जननी सुरक्षा योजना से लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या, गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, भर्ती मरीजों को उपलब्ध सुविधा, राशन वितरण, किसान पंजीयन, बीज और उवर्रक भंडारण एवं वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एएचपी घटक, राजस्व प्रकरण और एनआरएलएम के सामुदायिक संस्थागत विकास, स्व सहायता समूह के गठन की प्रगति, कौशल उन्नयन एवं रोजगार, हथकरघा गतिविधि, गोंडी पेंटिग, आचार एवं हेचरी इकाई, आजीविका रूरल मार्ट, मुर्गीपालन, धान उपार्जन, वाटरशेड एवं दीदी स्मार्ट पार्लर के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उक्त विभागीय कार्यों एवं गतिविधियों में विकासात्मक प्रगति लाने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं पर केनद्रित कार्यों को विशेष प्राथमिकता दें जिससे प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचना सुनिश्चित हो सके।

### विशेष निर्देश

प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने आयोजित बैठक में सीएमओ नगर परिषद डिंडौरी एवं शहपुरा को नगर के मुख्य मार्ग के दोनों तरफ की दुकानों पर कूड़ादान लगवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दुकानों में पॉलीथिन का उपयोग ना हो, इसका कडाई से पालन करते हुए पॉलीथिन के स्थान पर थैला का प्रयोग करने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए ठोस कदम उठाएं। इसके अतिरिक्त प्रभारी मंत्री श्रीमती बागरी ने जिले की स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वच्छता, आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ बनाए रखें। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी अपने क्षेत्र में नियमित रूप से स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करें। इसी प्रकार से आबकारी विभाग अवैध शराब बिक्री और नशीले मादक पदार्थो पर रोक लगायें। गोपनीयतापूर्वक टीम तैनात कर जिले में अवैध शराब बिक्री एवं मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने हेतु सख्ती से कार्यवाही करें। वन विभाग फलदार, पर्यावरण संगत और जल संरक्षक पौधों को अधिक से अधिक संख्या में लगाएं व उनके संरक्षण का जिम्मा उठाएं। कृषि विभाग उचित समय पर खाद एवं बीज का वितरण करें। प्रभारी मंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि मेंहदवानी कॉलेज का नाम राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथशाह के नाम पर रखा जाएगा। साथ ही उन्होंने इंडोर स्टेडियम, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जिलास्तरीय लाइब्रेरी के लिए आवश्यक निर्देश दिए।



# "शक्ति अभिनंदन अभियान" का प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी

कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री श्याम सिंगौर जी के निर्देशन में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण से समाज में जागरूकता हेतु "शक्ति अभिनंदन अभियान" के तहत 10 दिवसीय गतिविधियों का आयोजन 2 अक्टूबर 2024 से 11 अक्टूबर 2024 तक किया जा रहा है शासन के द्वारा दिए गए निर्देशो के परिपालन जागरूकता अभियान के तहत आज गुरूवार को सी. एम. राइज विद्यालय, नारिया, जिला डिंडौरी एवं आदिवासी कन्या आश्रम अंग्रेजी माध्यम डिंडोरी, जिला डिंडौरी में विद्यालय में उपस्थित बालक बालिकाओं के मध्य महिला सुरक्षा पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही श्रीमती नीतू तिलगाम प्रशासक वन स्टॉप सेन्टर एवं श्रीमती रितु खांडे केस वर्कर द्वारा बच्चों को चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, वन स्टॉप सेन्टर (सखी), गुड टच बेड टच एवं अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।सहायता लेने के लिए दिए गए टोल फ्री नंबर, महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेन्टर डिंडोरी हेल्पलाइन नंबर 7828195167 के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेन्टर परामर्शदाता श्रीमती निकिता मरकाम, केस वर्कर श्रीमती रागिनी धुर्वे एवं विधिक सलाहकार श्रीमती स्मिता चैरसिया एवं स्टॉफ का योगदान रहा।

# प्रभारी मंत्री ने रयपुरा में दीदीयों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी



नगरीय विकास एवं आवास विभाग राज्यमंत्री व जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रयपुरा की दीदीयों के साथ संवाद किया। उन्होंने शारदा समूह की दीदीयों को बधाई देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा किये आत्मनिर्भरता के प्रयास से आज पूरा भारत देश परिचित है, ये डिंडौरी जिले के लिए गौरव का पल है। प्रभारी मंत्री श्रीमती बागरी ने अपने संबोधन में कहा कि डिंडौरी जिले की भूमि को मां नर्मदा का आर्शीवाद प्राप्त है। यहां का प्रत्येक कंकड पवित्र है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम मातृ शक्ति को आगे बढते हुए देख रहे हैं। शारदा समूह के दीदीयों को टीवी पर देखकर गर्व हुआ कि हमारे मातृ शक्ति आगे बढ रहीं है। यदि महिलाएं चाहें तो सभी कार्य संभव हैं। समूह के द्वारा किया गया कार्य अकेले कर पाना संभव नहीं था। यह हमें शिक्षा देता है कि मिलकर कार्य करने से सभी प्रकार के कार्य संभव है। उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीणों ने विकास के लिए कोई बेहतर योजना सोची है तो उसमें शासन प्रशासन पूर्ण सहयोग करेगा। उन्होंने शारदा समूह के दीदीयों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जिले में इस तरीके के प्रयास परिवार को मजबूती प्रदान करते हैं।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अवधराज बिलैया, सांसद प्रतिनिधि श्री नरेन्द्र राजपूत, जनपद सदस्य श्री अशोक उरैती, जनपद सदस्य श्रीमती अनीता धूमकेती, कलेक्टर श्री हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, प्रभारी सहायक संचालक मत्स्य विभाग श्री राकेश चंदेल, श्री जयसिंह मरावी, श्री महेश धुमकेती, श्री लक्ष्मण सिंह, श्री पुनीत जैन, श्री नरेन्द्र नागेश, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चल चरखा हथकरघा केन्द्र स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का सार्थक प्रयास



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी

नगरीय विकास एवं आवास विभाग राज्यमंत्री व जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने चल चरखा महिला प्रशिक्षण एवं रोजगार केन्द्र, कारोपानी में हथकरघा के माध्यम से किये जा रहे, कपड़ा निर्माण प्रक्रिया, चरखा से धागा निर्माण प्रणाली आदि गतिविधियों का जायजा लिया,चल चरखा महिला प्रशिक्षण एवं रोजगार केंद्र, कारोपानी की स्थापना 18 अप्रैल 2018 में आचार्य श्री विद्यासागर जी के मार्गदर्शन में हुई, यह केंद्र स्वसहायता समूह के रूप में कार्य करता है, देशभर में 11 चल चरखा केंद्र संचालित है जिनमें से एक केंद्र तिहाड़ जेल दिल्ली में संचालित है, चल चरखा केंद्र के माध्यम से स्वरोजगार को प्रेरित किया जा रहा है, जिसमें सिलाई, कढ़ाई का कोर्स प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, केंद्र में आरी - जरदोजी का कार्य भी किया जा रहा है। मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र की प्रशंसा की, उन्होंने केंद्र से खरीदी कर दीदीयों के प्रयास को प्रोत्साहित किया।

# ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

तहसील मुख्यालय बजाग के ग्राम पंचायत मिढली में पोषक ग्राम ताला में ठेकेदार के द्वारा पी एच ई विभाग के आदेश से नल जल योजना के तहत पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है जिसमें विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की मनमानी के चलते क्षेत्र में बस्तियों की सड़कों को तहस नहस कर दिया गया है जिसका परिणाम क्षेत्र के बसिंदे और ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है। सड़कों को तोड़ने का यह पहला मामला नहीं है जल जीवन मिशन के ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों द्वारा सड़को को खस्ताहाल कर जल्द बाजी में सरकारी संपत्ति का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इतना ही नहीं ठेकेदार की मनमानी यह है कि सड़कों को बिना अनुमति के तोड़ा जा रहा है । सड़कों पर मशीन लगाकर पहले तोडा जा रहा है फिर खोदकर पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है वहीं बरसात के मौसम में लोगों की बाड़ी भी तोड़कर पाईप लाईन बिछाने का काम ठेकेदार द्वारा मनमानी पूर्वक किया जा रहा है, विभागीय अमला और ठेकेदार यदि चाहें तो इस तरह की लापरवाही ना करते हुए बरसात कटने के बाद खेत से भी पाईप लाईन का कार्य कर सकते हैं जिससे लाखों रूपए से बनाई गई सड़क का नुकसान नहीं होता। बहरहाल ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों के द्वारा मनमानी के चलते सरकार के लाखों रूपए से निर्मित अनेक सड़कों को नुक्सान पहुंचाया जा रहा है। अब देखना यह है कि इस तरह की लापरवाही पर क्या कार्यवाही होगी।



## खबर संक्षेप

### गांधी जयंती पर विशेष माफी देकर रिहा किये गये दो बंदी

**नरसिंहपुर**। राज्य शासन के जेल विभाग के निर्देशानुसार गांधी जयंती दो अक्टूबर को केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर विरूद्ध एवं विशेष परिहार का लाभ प्राप्त करने वाले दो बंदियों की सजा समाप्ति पर स्थाई रिहाई प्रमाण पत्र देकर रिहा किया गया। सभी बंदी भाईयों ने रिहा होने वाले अपने साथियों को सदा खुश रहने की दुआयें देकर विदा किया। जेल अधीक्षक अजमेर सिंह ने सभी बंदी भाईयों को गांधी जयंती की बधाई दी। इस अवसर पर उप जेल अधीक्षक महेश प्रसाद टिकारिया, सहायक जेल अधीक्षक एडवर्ड स्वामी, संतोष हरियाल, आशीष खरे, रोहित कोष्टी, प्रहरी सहित सुरक्षा स्टाफ मौजूद था।

### 50 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन

**नरसिंहपुर**। सनातनी हिंदू उत्सव समिति नरसिंहपुर द्वारा विगत 10 वर्षों से दशहरा पर विशाल रावण दहन का कार्यक्रम किया जाता है। इस वर्ष भी यह आयोजन समिति के तत्वावधान में 12 अक्टूबर शनिवार को दशहरा मैदान असेंबली हाल के पीछे रात्रि 9 बजे किया जाएगा। समिति की ओर से आशुतोष वर्मा ने बताया कि इस वर्ष रावण की ऊंचाई लगभग 50 फीट होगी। कन्देली स्थित राम मंदिर से रथ द्वारा राम, लक्ष्मण व हनुमान जी की शोभायात्रा शाम 7 बजे निकाली जाएगी जो मुख्य मार्ग से होते हुए दशहरा मैदान तक जाएगी। तत्पश्चात राम जी द्वारा उक्त विशाल रावण का दहन किया जायेगा। समिति द्वारा उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु दर्शकों की उपस्थिति एवं कार्यक्रम में सहभागिता अपील की गई है। इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। समिति के सदस्यों को अलग - अलग दायित्व दिए जा रहे हैं।

### जन शिक्षण संस्थान ने सफाई मित्रों का किया सम्मान

**नरसिंहपुर**। गत दिवस जन शिक्षण संस्थान द्वारा कार्यालय परिसर में महात्मा गांधी जी की जयंती मनाई गई साथ ही कौशल विकास उद्यमिता विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छता की सेवा 2024 के अंतर्गत 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान के समापन अवसर पर सफाई मित्र सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पार्षद श्रीमती सुमन राजपूत व अध्यक्षता संस्थान निदेशक आशीष कुमार सेन ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक आशीष कुमार सेन ने 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चले अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा आज हम सबको स्वच्छता को अपने स्वभाव में भी लाना होगा तभी हम स्वच्छ भारत की संकल्पना को साकार कर सकते है। मुख्य अतिथि पार्षद श्रीमती सुमन राजपूत ने अपने वक्तव्य में कहा शासन द्वारा स्वच्छता के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे है पर जनमानस को भी स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को कचरा प्रबंधन के लिए कूड़ादान व कचरा गाड़ी का उपयोग करना चाहिए और पॉलीथिन के उपयोग को कम से कम करना चाहिए। सम्मान कार्यक्रम में सुनील वाल्मीकि, योगेश बागड़े, अजय घारू, करई नाहर को सफाई मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक आशीष कुमार सेन एवं कार्यक्रम अधिकारी सुमित दुबे उपकार्यक्रम अधिकारी रोशन पटेल, पूनम पाली, मुकेश कुमार भारिया, वंदना पटेल, दीक्षा मेहरा, मोक्षा नेमा, अंजली ठाकुर व लाभार्थी उपस्थित रहे।

### प्रवेश टिकिट लेने के बाद ठगा महसूस कर रहे लोग

# मेले में शासन के नियमों की हो रही अंदेखी

#### कलाकारों के नाम पर उमड़ रही भीड़

स्थानीय जनपद मैदान में प्रदर्शनी लगाकर सामग्रियों का विक्रय किया जा रहा है। वही मनोरंजन के लिये मशहूर कलाकारों को बुलाकर मनोरंजन भी कराया जा रहा है। जिससे कलाकरों को देखने व सुनने के लिये लोगों की भीड़ एकत्र हो और खरीदी विक्री भी पर्याप्त हो सके। आयोजन समीति द्वारा प्रवेश टिकिट भी रखी गई है। वही उक्त मेले को लेकर व्यापारी संघ द्वारा ज्ञापन भी दिया गया था।


हरिभूमि
कलाकारों को बुलाकर एकत्र की जा रही भीड़
मनोरंजन व व्यापार के नाम पर कारोबार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। बीते दिनों से स्थानीय जनपद मैदान में व्यापारी द्वारा मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले खरीदी विक्रय के साथ मनोरंजन व झूले भी लगाये गये जिसके लिये प्रवेश के लिये आयोजन समीति द्वारा प्रवेश टिकिट रखा गया है। वही मेले मे मशहूर कलाकारों को बुलाये जाने का प्रचार प्रसार कर भीड़ एकत्र की जा रही है और शासन के कोलाहल नियमों को भी धता दिखाया जा रहा है। ऐसी अनेक विषंगति बनी हुई है वही प्रशासन के जिम्मेदार लोगों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है। वही खाने पीने की सामग्रियों पर शासन की गाइड लाइन का टैग भी अंकित नहीं किया गया है।

#### ठगा महसूस कर रहे लोग

जनपद मैदान में लगाई गई प्रदर्शनी मे जाने के बाद लोग ठगा सा महसूस कर रहे है। लोगों का मानना है कि आयोजन समिति द्वारा प्रवेश शुल्क लिया जा रहा है तो व्यवस्था भी अच्छी होंगी लेकिन अंदर जाने के बाद पता चलता है कि टिकट लेने के बाद भी कोई माकूल व्यवस्था नहीं है। जबकि नियमानुसार टिकट लेने के बाद लोग मूलभूत सुविधायें, बैठने व हवा, पीने के पानी की निःशुल्क व पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिये जो कि मेले नजर नहीं आ रही है। प्रशासन तथा जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को चाहिये कि मेले का निरीक्षण कर व्यवस्थायें पूर्ण कराये जिससे लोगों को हक के साथ टिकिट की पूरी सेवायें मिल सकें।

#### कलाकारों के नाम पर एकत्र हो रही भीड़

मेले की अयोजन समीति द्वारा देश प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित कर प्रस्तुतियां कराई जा रही है वही कलाकारों को देखन व प्रस्तुति सुनने के लिये लोगों की भीड़ एकत्र हो जाती है अधिक भीड़ होने के कारण लोगो को जमीन पर बैठने की भी जगह नही मिल पाती जिसका उदाहरण बीते दिवस जित्तू खरे बादल के कार्यक्रम में इतनी भीड़ हो गई कि संभालना कठिन हो गया। वही उक्त कार्यक्रम में कुछ युवाओं की आपस में झूमाझटकी भी हुई। लेकिन आयोजकों द्वारा उक्त घटना से भी कोई सबक नहीं लिया गया।




#### कोलाहल व टिकट नियमों की अनदेखी

जनपद मैदान में लगाए गए मेले में आयोजन समिति द्वारा कोलाहल नियमों को भी धता दिखाया जा रहा है। जबकि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार रात 10:30 बजे के बाद कोलाहल नही किया जा सकता और आयोजन समिति द्वारा देर रात तक कलाकारों की प्रस्तुति कराई जा रही है जिसमें कोलाहल अनवरत जारी रहता है। वही टिकट नियमों के अनुसार आयोजन समीति को जिला प्रशासन को स्पष्ट जानकारी दी जानी चाहिए की एक दिन मे कुल कितने टिकट विक्रय करेंगे तथा कार्यक्रम समाप्त होने के लगभग एक घंटे पूर्व टिकट विक्रय बंद कराना अनिवार्य होता है जो कि नहीं कराया जा रहा है। वही खाने पीने की सामग्रियों पर उत्पाद के तिथि तथा वैद्यता का अंकित होना अनिवार्य होता है जो कि कुछ सामग्रियों में देखने को नहीं मिला।

#### इनका कहना है

मेले में उक्त कमियों के संबंध मे आपके द्वारा जानकारी दी गई । उक्त भूमि जिला पंचायत की है एवं स्वीकृत उनके द्वारा दी गई। मैं संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर जांच कराता हूं।

**मणिन्द्र कुमार, एस डी एम**

मेले मे कुछ कमियां नजर आई थी जिन्हे पूर्ण करने के लिये मैने आयोजकों से कहा था। यदि मेले में अभी भी कमियां बनी हुई है तो नियमानुसार जांच होनी चाहिये तथा कार्रवाई भी हो जिससे लोगों के हितों रक्षा हो सके।

**जालम सिंह पटेल, पूर्व राज्य मंत्री**

मेले में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। जो कि कानून के नियमों अनुसार नहीं है। प्रशासन को उचित कार्रवाई करनी चाहिये।

**अभिषेक शर्मा, अधिवक्ता एवं प्रदेश सचिव कांग्रेस विधि प्रकोष्ट**

## ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप, महिला ने की आत्महत्या

**नरसिंहपुर**। गत दिवस महिला द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। जिसे लेकर मृतिका की मां ने पुलिस अधीक्षक शिकायत देकर ससुराल पक्ष पर प्रताड़ति करने का अरोप लगाते हुये कार्रवाई का मांग की गई। ज्ञापन अनुसार थाना क्षेत्र स्टेशनगंज अंतर्गत आने वाले ग्राम पांसी मनो बाई द्वारा बताया गया कि उसकी पुत्री विनीता सेन का विवाह लगभग दस वर्ष पूर्व डोंगरगांव निवासी सतीश सेन के साथ हुआ था अपनी बेटी की मौत के लिए ससुराल पक्ष के चार सदस्यों को जिम्मेदार ठहराया है। शिकायत के अनुसार, विनीता सेन को उसके पति सतीश सेन, ससुर जीवनलाल सेन, सास, देवर बीरू सेन एवं देवरानी पूजा सेन ने मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना दी, जिससे तंग आकर विनीता ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। मृतक की माँ ने बताया



कि 2 अक्टूबर की रात को विनीता ने उन्हें फोन पर अपनी तबियत खराब होने और घर के काम को लेकर हो रहे विवाद की जानकारी दी थी। विनीता ने अपनी मां को यह भी बताया कि तीन दिन पहले उसके पति सतीश ने उसे बुरी तरह मारा था, और सास-ससुर और देवरानी ने भी झगड़ा किया था। 3 अक्टूबर की सुबह, विनीता ने जहर खा लिया, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में नरसिंहपुर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। स्थिति बिगड़ने पर उसे डॉ. चैकसे के अस्पताल रेफर किया गया, जहां कुछ समय बाद उसकी मृत्यु हो गई। शिकायत में मनोबाई सेन ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने विनीता को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ति किया, जिससे तंग आकर उसने आत्महत्या का कदम उठाया। विनीता के दो बच्चे हैं, जो अब बिना मां के रह गए हैं। मनोबाई सेन ने पुलिस से गुहार लगाई हैं की ससुराल पक्ष के खिलाफ आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने का मामला दर्ज किया जाए और आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। वही पुलिस ने मर्ग प्रकरण कायम कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**नरसिंहपुर**। गत दिवस थाना क्षेत्र करेली अंतर्गत चल रहे अवैध कारोबार को बदं कराने की मांग करते हुये कांग्रेस द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे बताया गया कि नगर में सट्टा और जुए के खुलेआम संचालन और नशीले पदार्थों की बेखौफ बिक्री को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र रघुवंशी ने कहा कि करेली के प्रत्येक वार्ड और ढाबों पर अवैध गतिविधियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। सट्टा और जुआ फड़ खुलेआम चलाए जा रहे हैं, जबकि नशीले पदार्थों का विक्रय भी धड़ल्ले से हो रहा है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन तत्काल ऐसे असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करे और अवैध गतिविधियों को रोके। रघुवंशी ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही इन पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो कांग्रेस द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामरतन पटेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल उपाध्यक्ष, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, पूर्व पार्षद मनोहर ठाकुर, अनुज ममार, सगीर बाबा, आदर्श



कोहली, राजू यादव, गोविंद जाटव, गोपालदास मरेंले सहित कई कांग्रेस और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल ठाकुर, विधानसभा अध्यक्ष रोहित पटेल, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ईशान राय समेत अन्य नेताओं ने भी प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस ने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन इस मामले में त्वरित कार्रवाई नहीं करता है, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

## गांधी - शास्त्री जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित

**नरसिंहपुर**। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एम. आई. एम. टी. महाविद्यालय नरसिंहपुर में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत विविध कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एव शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उल्लेखनीय है कि विविध कार्यक्रमों की श्रृंख्ला में महाविद्यालय मे संचालित एन.सी.सी एवं रासेयो इकाईयों द्वारा जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली और समग्र स्वच्छता अभियान की दिशा मे कार्य किए गए। विगत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 के स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताओं में भाषण, पोस्टर - पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गांधी दर्शन पर आयोजित परिचर्चा में कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने गांधी दर्शन पर अपने विचार प्रकट करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के विराट व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजक



मेजर डॉ. पराग नेमा ने स्वागत भाषण में गांधी एवं शास्त्री के योगदान एवं उनके बताए रास्तों पर चलते हुए राष्ट्र सेवा परमोधर्मा का संदेश दिया। डॉ. दीपिका शर्मा ने गांधी को एक विचार और आंदोलन निरूपित किया। इसके पूर्व एन सी सी कंपनी एवं रासेयो द्वारा समग्र स्वच्छता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर की साफ - सफाई कर अपनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आराधना दुबे एवं आभार सहायक प्राध्यापक हेमराज सेन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उप प्राचार्य डॉ एस एन राव, श्रीमती अनीता रघुवंशी, आलोक तिवारी, ले. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अरविंद कुशवाहा, जितेन्द्र सिंह, जी. डी. उमरे तथा गर्ल्स विग इंचार्ज श्रीमती माधुरी पटवा सहित आयोजन समिति के सदस्य, स्टाफ मेम्बर्स एवं छात्र - छात्राओं की विशेष उपस्थिति रही। प्रतियोगिताओं के समापन पर प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। भाषण प्रतियोगिता में प्राची राजपूत को प्रथम स्थान, अंकुर पटेल को द्वितीय स्थान तथा रश्मि पाली को तृतीय स्थान तथा पोस्टर प्रतियोगिता में श्रृष्टि रघुवंशी को प्रथम स्थान, पलक लोधी को द्वितीय स्थान, कृष्णा साहू को तृतीय स्थान, प्रदान किये गये।

## 142 छात्राओं को नि: शुल्क साईकिल वितरित

**नरसिंहपुर**। पीएमश्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया एवं पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल की विशेष मौजूदगी में छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी का पूजन- अर्चन कर किया गया। पूर्व राज्यमंत्री व अन्य अतिथियों ने नवरात्र पर्व पर शक्ति अभिनंदन अभियान के तहत विद्यालय की कन्याओं को तिलक व चुनरी ओढ़ाकर, पूजन- वंदन व चाकलेट का वितरण किया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल ने शासन द्वारा



विद्यार्थियों के लिए संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि बेटियां बेहतर शिक्षा प्राप्त कर परिवार, समाज व देश को गौरवान्वित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा नवरात्रि पर्व पर 2 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक महिला एवं बालिका सशक्तिकरण जागरूकता के लिए शक्ति अभिनंदन अभियान कार्यक्रम के चलाया जा रहा है। इसके सफल आयोजन करने के लिए उन्होंने शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने छात्राओं को शुभकामनायें दी। इस अवसर पर सुनील कोठारी, डॉ. वीरेन्द्र पटेल, जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष व पार्षद अजय प्रताप सिंह पटेल, श्रीमती निशा सोनी, सहायक संचालक शिक्षा विकासखण्ड अधिकारी सुश्री प्राशी अग्रवाल, श्रीमती गायत्री सोनी, श्रीमती माया पटेल, श्रीमती पुष्पा दुबे, अन्य जनप्रतिनिधि, स्कूल का स्टाफ और छात्रायें मौजूद थी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव व आभार प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा ने व्यक्त किया।

## पीएम फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी, मेरे हाथ का हुआ शुभारंभ

**नरसिंहपुर**। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2024 की पॉलिसी का वितरण कार्यक्रम के दौरान उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे ने मेरी पॉलिसी- मेरे हाथ का शुभारंभ मंगलवार को किया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2024 में 37 हजार 645 किसानों का बीमा किया गया हैं। कार्यक्रम में जिले के किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में भाग लिया और उन्हें पॉलिसी वितरित की गई। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारी, प्रधानमंत्री फसल बीमा के जिला प्रतिनिधि रामगोपाल यादव एवं सभी तहसील प्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत ऋणी किसानों का बीमा बैंक से स्वतः ही हो जाता है, लेकिन अऋणी किसान इस योजना से छूट जाते हैं, तो वह भी बैंक, सीएससी, एआईसी प्रतिनिधि के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। सभी अऋणी किसानो से अपील की गई है कि वे आगामी रबी सीजन 2024- 25 में अपनी फसलों का बीमा अवश्य करायें, जिससे उन्हें फसल बीमा योजना का लाभ मिल सके।



## दुर्गम रास्तों से चलना होता है मुश्किल

**तेंदूखेड़ा**। पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट जन आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां पर बड़ी संख्या में गाडरवारा तेंदूखेड़ा तरफ से स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। लेकिन घाट के उत्तर तट पर जाने के लिए सड़क मार्ग की गंभीर स्थिति बनी हुई है। बरसात के पानी के कारण मिट्टी का कटाव हो जाने के कारण घाट तक पहुंचने में लोगों को परेशानी हुआ करती है। सुधार की दिशा में अभी तक कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं यहां पर प्रत्येक अमावस्या पूर्णिमा और पर्व विशेष पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने पहुंचते हैं।उनकी परेशानियों को लेकर अनेकों बार जिला प्रशासन को समाचार पत्रों के माध्यम से वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है फिर भी आज तक कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। चूंकि यह स्थिति केवल ककरा घाट की ही नहीं करोंदी घाट की भी यही स्थिति बनी हुई है।



## मैं हूं अभिमन्यु अभियान के तहत दी जानकारी

**तेंदूखेड़ा**। इन दिनों जिले में आई नवागत जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका महोदया के निर्देशन में महिलाओं की सुरक्षा तथा अपराधों की रोकथाम की दिशा में हूं अभिमन्यु अभियान चलाया जा रहा है।इसी सिलसिले में एस डी ओ पी मधुर पटैरिया के मार्गदर्शन में संत मौनी सर्वोदय महिला महाविद्यालय में नगर निरीक्षक बलबीर सिंह चौधरी के द्वारा महिलाओं की सुरक्षा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महिला सशक्तिकरण व्यसन मुक्त समाज निर्माण जैसे विभिन्न विषयों पर काफी विस्तार से जानकारी दी गई । अलग अलग दिवसों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इस मौके महाविद्यालय की छात्राओं ने नशा मुक्ति तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर आधारित एक लघु नाटिका प्रस्तुति की । नगर निरीक्षक ने छात्राओ को पास्को एक्ट यौन शोषण नये कानून को समझाया तथा नशे से अपने परिवार को बचाए और समाज के लोगों को बचाने के लिए प्रेरित करें । कार्यक्रम में समिति के सदस्य चंद्रभूषण पाठक प्राचार्य कमल कुमार शास्त्री वरिष्ठ प्राध्यापक सीताराम रैकवार श्रीमती अरुणा जैन श्रीमती रोमी मालवीय समस्त स्टाफ एवं छात्राएं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे ।